-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 22.07.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- ❖ **क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में चलाया गया एक दिवसीय सघन वाहन चेकिंग अभियान । अभियान के क्रम में 261 वाहनों का चालान कर 390500/ रुपये का किया गया जुर्माना ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने तथा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात श्री गवेन्द्र पाल गौतम के नेतृत्व में एक दिवसीय सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया । अभियान में लोगों को यातायाय नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया गया । अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा 744 वाहनों को चेक किया गया जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले 261 वाहनों को चालान करते हुए 390500/ रुपये जुर्माना किया गया ।